स्वास्थ्य संबंधी चेतावनी

कुछ उपभोक्ता उत्पादों में सीसा, पारा और आर्सेनिक होते हैं

सीसा, पारा और आर्सेनिक हानिकारक धातुएँ हैं, जो गंभीर स्वास्थ्य समस्याएँ पैदा कर सकती हैं, खास तौर से बच्चों और गर्भवती महिलाओं में। कुछ स्वास्थ्य उपचारों और पूरक आहारों, खाद्य पदार्थों और गैर-खाद्य पदार्थों में इन धातुओं की मात्रा अत्यधिक होती है, तब भी, जब उन्हें उत्पाद लेबल पर सूची में न दर्शाया गया हो। आप जितनी बार इन उत्पादों का उपयोग करेंगे, स्वास्थ्य पर उतना ही अधिक जोखिम होगा।

स्वास्थ्य उपचार

भारत, चीन तथा अन्य देशों के कुछ स्वास्थ्य उपचार, पूरक आहारों और आयुर्वेदिक दवाओं में **सीसा, पारा और आर्सेनिक** बड़ी मात्रा में हो सकते हैं।

ये उत्पाद मशीन या हाथ से बने हो सकते हैं और अमेरिका तथा अन्य देशों में इन्हें डॉक्टर के परामर्श से या बिना पर्ची के खरीदा जा सकता है।

खाद्य पदार्थ

बांग्लादेश, जॉर्जिया और अन्य देशों से खरीदे या वहाँ से भेजे गए मसालों में **सीसे** की बड़ी मात्रा हो सकती है।

मेक्सिको से आए कैंडी, नमकीन अल्पाहार मिश्रण और अन्य ऐसे अल्पाहारों में भी **सीसा** हो सकता है, जिनमें मिर्च या इमली के गूदे का उपयोग हुआ हो।

सौंदर्य प्रसाधन और धार्मिक पाउडर

अफ्रीका, एशिया और मध्य पूर्व से आने वाले अंजन, काजल, सुरमा और नेत्रांजन में **सीसा** की बड़ी मात्रा हो सकती है। ये उत्पाद मुख्य रूप से आईलाइनर के रूप में उपयोग में लाए जाते हैं।

भारत में हिंदुओं के द्वारा उपयोग में लाए जाने वाले एक धार्मिक पदार्थ सिंदूर में **सीसा** बड़ी मात्रा में होता है।

दूषित सौंदर्य प्रसाधन या धार्मिक पाउडर को छूने से सीसा हाथ पर आ सकता है। इन्हें हाथों से छूने के बाद हाथ मुँह में डालने पर सीसा पेट में जा सकता है। बच्चे विशेष रूप से खतरे में होते हैं, क्योंकि वे अक्सर अपना हाथ मुँह में डाल लेते हैं। कुछ सीसा आँखों से होकर भी अवशोषित हो जाता है।

सौंदर्य प्रसाधन और धार्मिक पाउडर का उपयोग कभी खाद्य पदार्थ में नहीं होना चाहिए।

NYC Health

मिट्टी के बर्तन और अन्य बर्तन

मेक्सिको, चीन और अन्य देशों के मिट्टी के बने पारंपरिक बर्तनों व अन्य बर्तनों (सिरैमिक से बने बर्तन) को सजाने के लिए ग्लेज़ और पेंट का उपयोग किया जाता है, जिसमें **सीसा** हो सकता है।

सिरैमिक के पारंपरिक बर्तनों में बने खाद्य या पेय पदार्थों में **सीसा** जा सकता है।

गहने, खिलौने, ताबीज़ और आकर्षक चीजें

गहने, खिलौने और इन चीज़ों के लिए प्रयुक्त पेंट में **सीसा** बड़ी मात्रा में हो सकता है।

बांग्लादेश, कम्बोडिया और अन्य देशों से आए ताबीज़ों और अन्य आकर्षक चीज़ों में भी **सीसा** हो सकता है।

इन चीज़ों को मुँह में रखने से सीसा पेट में जा सकता है। बच्चों को खास तौर से खतरा रहता है, क्योंकि वे अक्सर इन चीज़ों को मुँह में रख लेते हैं। सीसा आमतौर पर त्वचा में ठीक से अवशोषित नहीं हो पाता है।

गोरा बनाने वाले साबुन और क्रीम

डोमिनिकन रिपब्लिक, चीन और अन्य देशों से आए गोरा बनाने वाले साबुन और क्रीम में **पारा** हो सकता है, जो त्वचा में आसानी से अवशोषित हो जाता है।

अगर घटकों की सूची में **पारा** को सूचीबद्ध किया गया हो तो इन चीज़ों का उपयोग न करें।

अगर आपने इनका या मिलते-जुलते उत्पादों का उपयोग किया हो तो क्या करना चाहिए

इनका उपयोग करना बंद करें

अपने डॉक्टर से कहें कि वह सीसा और अन्य भारी धातुओं के लिए आपकी जाँच करे

किन-किन खास उत्पादों से बचना चाहिए, इसके बारे में जानने के लिए **311** पर कॉल करें या **nyc.gov/hazardousproducts** पर जाएँ